## एक नजर में

### दर्द रहित व निशान मुक्त हर्निया की सर्जरी

उज्जैन। सेंट्रल इंडिया में पहली बार पेट से जुड़ी बीमारी हर्निया की नई तकनीक के जरिए सर्जरी करने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। नाभि (अम्बिलिकल) और उदर (वेंट्रल) हर्निया के मरीजों के लिए की जाने वाली इस अत्याधुनिक सर्जरी को पीईटीईपी कहा जाता है, जिसे इंदौर स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। हर्निया आमतौर पेट से जुड़ी एक बीमारी है। इस बीमारी में मरीज के पेट या किसी अन्य अंग या ऊतक का हिस्सा पेट की मांसपेशियों की कमजोर परत से बाहर निकल आता है। अम्बिलिकल हर्निया विशेष रूप से नाभि के पास होता है और अक्सर पेट में भारीपन, सूजन या दर्द के रूप में महसूस होता है। यह समस्या आमतौर पर ऐसे मरीजों में ज्यादा देखी जाती है, जिनकी पहले भी सर्जरी हो चुकी होती है या जिनका वजन बहुत अधिक बढ़ जाता है या घट जाता है। इसके अलावा जिन्हें किसी भी कारण पेट में दबाव बना रहता है जैसे- खांसी, कब्ज, पेशाब करने में तकलीफ, प्रेग्नेंसी या पेट में दबाव देने वाले व्यायाम करना इत्यादि। इंदौर स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के जीआई, लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक पोरवाल ने तकनीक के जरिए हर्निया के इलाज में बड़ा बदलाव किया है। डॉ. पोरवाल ने बताया- नाभि के हर्निया की पारंपरिक दूरबीन सर्जरी में सीधे पेट के अंदर जा कर आपरेशन किया जाता था साथ ही भारी कोटेड जाली का प्रत्यारोपण किया जाता था एवं पिन, टैक्स के माध्यम से पेट की दीवार से फिक्स किया जाता था। इस दर्द रहित प्रक्रिया से मरीज़ जल्दी रिकवर होते है, एवं 24 घण्टे मे अस्पताल से सकुशल डिस्चार्ज हो जाते है, कोटेड मेष एवं पिंस से होने वाले कॉम्प्लिकेशन से भी बच जाते है।

### गोगा नवमी के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की



उज्जैन। बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी, जीतेन्द्र भाटी संभाग कौर कमेटी अध्यक्ष, रवि सिहोते जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे उज्जैन संभाग कार्यालय पर जिला कोषाध्यक्ष दिनेश तंवर के द्वारा संघठन के छह माह का लेखा-जोखा के संबंध में समस्त पदाधिकारियों के समक्ष पारदर्शिता दिखाते हुये लेखा -जोखा प्रस्तुत किया गया। गोगा नवमी के महापर्व के आयोजन पर भी कई मुद्दों पर चर्चा की गई एवं जिला कोषाध्यक्ष और जिला अध्यक्ष द्वारा पारदर्शिता के साथ लेखा जोखा रखने पर पदाधिकारियों ने संतुष्टि जताते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार गोसर संभाग उपाध्यक्ष, दिनेश लावरे संभाग महामंत्री, कुंदन गिरजे संभाग मंत्री, मोहन लाल करोसिया जिला वरिष्ठ सलाहकार, घनश्याम छपरी दक्षिण तहसील अध्यक्ष, राधेश्याम मेवाती दक्षिण तहसील उपाध्यक्ष, कमल गोयल दक्षिण तहसील वरिष्ठ सलाहकार, मनोज मीणा वरिष्ठ समाज सेवी आदि मौजूद रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अजय डागर ने दी।

### मुख्यमंत्री का सम्मान कर रखी मांगे



उज्जैन। आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष गुलशन मंसूरी के नेतृत्व में विद्युत मंडल के आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बिजली विभाग में 49423 रिक्त पदों पर भर्ती निकालने पर उज्जैन हेलीपैड पर पुष्प गुच्छ भेंट कर दुपट्टा उड़ाकर सम्मान किया। विदेश यात्रा पर जाने के लिए बधाई देते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत कर विद्युत मंडल में भर्ती में विभागीय परीक्षा आयोजित कर आउटसोर्स कर्मचारी को प्राथमिकता देने की मांग रखी। साथ ही संकल्प पत्र के पेज नंबर 81 पर शासन के समस्त विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी को संविदा का लाभ देने एवं केंद्र के समान न्यूनतम वेतन देने का वादा किया गया था उसे पूरा करने के लिए मांग की गई। सहजता से स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली विभाग के साथ-साथ समस्त विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी की मांगों पर सकारात्मक कार्य किया जाएगा। सम्मान करने वालों में प्रमुख रूप से आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष गुलशन मंसूरी, वर्षा कछवाय, महेश मालवीय, अलीम पठान, शुभम भाटी, बलराम सिंह, सौदान सिंह, अनस खान मयूर भुतड़ा सहित कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

### श्रेष्ठ विद्यार्थी को 10 अगस्त को पुरस्कृत करेंगे



उज्जैन। तुलसीदास जी की जयंती पर 31 जुलाई को उज्जैन के स्कूलों में भगवान श्रीराम पर व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। यह अनूठा धार्मिक आयोजन रामायण केंद्र उज्जैन इकाई और श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। संस्था के हरि सिंह यादव ने बताया कि रामायण केंद्र संपूर्ण भारतवर्ष में श्रीराम और रामायण के विभिन्न पात्रों के दायित्व और आज के समय में उनकी प्रासंगिकता पर एक प्रचार अभियान चला रहा है। उज्जैन में इस अभियान की जिम्मेदारी डॉ. प्रवीण जोशी को जिला स्तर पर नियुक्ति के साथ दी गई है। तुलसीदास जी की जयंती पर स्कूलों में 9 वीं से 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए श्री राम और रामायण के विभिन्न पात्रों के दायित्व और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर व्याख्यान होगा। जिसमें विद्यालय के 3 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर 10 अगस्त को होने वाले आयोजन में पुरस्कृत किया जाएगा।

### पंचक्रोशी ब्रिज तक होगा सड़क चौड़ीकरण होगा



उज्जैन। भाजपा के उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 4 में एक बड़ी सौगात दी गई। जिसके अंतर्गत सड़क मार्ग का चौड़ीकरण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह 5 करोड की लागत से सड़क चौड़ीकरण कार्य मुख्य मार्ग एम आर 5 से होटल नक्षत्र होते हुए पंचक्रोशी ब्रिज तक सीमेंट कांक्रीट किया जायेगा। इस सड़क चौड़ीकरण से स्थानीय क्षेत्रवासियों के आवागमन में सुविधा का विस्तार होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, कलावती यादव, जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जगदीश पांचाल, करुणा आनंद जैन, पार्षद बबीता गोड़ आदि स्थानीय क्षेत्रवासियों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

# फिर जागी रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक रोपवे बनाए जाने की उम्मीद

## रोपवे लाइन कैलकुलेशन का अनुमोदन, अपर मुख्य सचिव राजौरा और मेला अधिकारी सिंह ने दिए निर्देश

**उज्जैन। शहरवासियों को एक बार फिर उम्मीद जागी है कि सिंहस्थ से पहले रोपवे बन जाएगा। हालांकि रेलवे स्टेशन का नया निर्माण जो होने वाला था वह ठंडे बस्ते में चला गया है। रोपवे को लेकर भी असमंजस के बादल मंडरा रहे हैं। बावजूद इसके रविवार को राजेश राजौरा अपर मुख्य सचिव और सिहस्थ मेल अधिकारी आशीष सिंह उज्जैन पहुंचे व सिंहस्थ की बैठक ली, जिसमें रोप-वे को लेकर एक बार फिर सकारात्मक माहौल नजर आया है।**



नवभारत से चर्चा में सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि जो कार्य स्वीकृत है वह सभी किए जाएंगे कहीं कोई असमंजस नहीं है। इसीलिए बार-बार मुख्य सचिव से लेकर मुख्यमंत्री तक और अवर सचिव से लेकर की सिंहस्थ से जुड़े अधिकारियों द्वारा बार-बार समीक्षा बैठक ली जा रही है ,अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं कि सिंहस्थ के पहले सभी काम समय पर पूर्ण हो जाए।

अपर मुख्य सचिव द्वारा सिंहस्थ के लिए बनाए जा रहे घाटों के निर्माण की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सिंहस्थ के लिए घाटों का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उक्त कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाना होगा। बताया गया की क्षिप्रा के घाटों पर हाई मास्ट लगाए जाएंगे। अपरमुख्य सचिव द्वारा क्षिप्रा शुद्धिकरण, कान्ह डायवर्सन तथा हरिया खेड़ी प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रोजेक्ट के संबंध में जारी टेंडर प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त की गई। उज्जैन में हरिफाटक ब्रिज चौड़ीकरण के लिए कार्रवाई प्रचलित है। महाकाल लोक कॉरिडोर में प्रस्तर प्रतिमाओं के निर्माण स्थापना तथा अन्य कार्य प्रगति पर है। जिनकी लागत लगभग 75 करोड़ रुपए है। इसी प्रकार वीर दुर्गादास छतरी पर 45 लाख रुपए लागत से विकास कार्य प्रक्रियाधीन है। बताया गया कि नरसिंह घाट पर कंपोजिट कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जिसकी निंविदा स्वीकृत हो चुकी है जिसका निर्माण 15.99 करोड़ रुपए लागत से होगा। तपोभूमि में नवीन थाना भवन निर्माण 3.77 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा जिसका कार्य शुरू हो चुका है। महाकाल लोक में नवीन थाना भवन निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है जिसकी लागत भी 3.77 करोड रुपए है। उज्जैन तथा आसपास के क्षेत्र में पुलिस आवासों के निर्माण की जानकारी भी दी गई जिसमें विभिन्न निविदा स्वीकृति हेतु भोपाल भेजी गई है।

### पौने दो किलोमीटर का रोप वे

उज्जैन में रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक 1.76 किलोमीटर लंबाई के रोपवे निर्माण के बारे में बताया गया कि रोपवे लाइन कैलकुलेशन का अनुमोदन किया जा चुका है। बताया गया कि मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा सिंहस्थ के मद्दे नजर उज्जैन मक्सी रोड फोरलेन चौड़ीकरण के लिए संभागीय समिति से अनुमोदित की जा चुकी है। बताया गया कि सिंहस्थ के मद्देनजर उज्जैन के आसपास के नरवर, ताजपुर,नजरपुर आदि स्थानों पर नवीन रेस्ट हाउस का निर्माण भी किया जा रहा है। उज्जैन के माधव नगर अस्पताल को 100 बेड के स्थान पर 200 बेड का किया जा रहा है। बैठक में उज्जैन संभाग आयुक्त संजय गुप्ता, इंदौर कलेक्टर आशिष सिंह, सीईओ जिला पंचायत जयती सिंह, निगम आयुक्त आशीष पाठक, युडीए सीईओ संदीप सोनी तथा संभाग एवं जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### यह सड़कें महत्वपूर्ण, लोक निर्माण विभाग की समीक्षा

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि विभाग द्वारा सिंहस्थ के दृष्टिगत जो कार्य हाथ में लिए गए है। उनमें शनि मंदिर से चिंतामन गणेश मंदिर तक 5 किलोमीटर लंबाई में फोरलेन निर्माण शामिल है, जिसकी लागत 30 करोड रुपए है। इसके माध्यम से इंदौर से आने वाले यातायात को चिंतामन गणेश मंदिर तथा सिंहस्थ मेला क्षेत्र पहुंचने के लिए सुगम मार्ग प्राप्त होगा। इसी प्रकार रामवासा से नरवर तक 9 किलोमीटर लंबाई की फोर लेन सड़क के निर्माण से इंदौर, मक्सी आने वाले यातायात को देवास मार्ग पहुंचाने में उज्जैन बाईपास का कार्य करेगा। उक्त मार्ग निर्माण से सिंहस्थ में भारी वाहनों के शहर में प्रवेश की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसी प्रकार धरमबडला से नईखेड़ी तक 6 किलोमीटर लंबाई का टू लेन निर्माण शामिल है। इसके निर्माण से नईखेडी रेलवे स्टेशन से मेला क्षेत्र में पहुंचने के लिए सुगमता प्राप्त होगी। आगर रोड से पंवासा पंचक्रोशी मार्ग भी सम्मिलित है। लगभग 10 किलोमीटर लंबाई के उक्त टु लेन मार्ग निर्माण से यातायात दबाव की समस्या का निदान होगा।

### राजेश राजौरा पहुंचे उज्जैन, मैराथन बैठक ली

अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने आगामी सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों की समीक्षा रविवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में की। बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि समय सीमा में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा सके। वहीं किसी भी प्रकार की लापरवाही कार्य में ना हो। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में जितने भी कार्य किये जा रहे हैं या आगामी रूप से किए जाना है उनकी कार्ययोजना नियोजित ढंग से तैयार करें। बैठक में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई।

# हमलाकर भागे आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**उज्जैन। प्रकाशनगर में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को रात में पुलिस ने महामृत्युंजय द्वार के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों इंदौर भागने की फिराक में थे। इधर गंभीर रूप से घायल युवक को डॉक्टरों ने उपचार के लिए इंदौर रैफर किया है।**



नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि प्रकाश नगर में रहने वाले आशीष पिता सुभाष बैरवा 25 वर्ष पर उसके घर में घुसे अभिषेक भदाले और विकास मरमट ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। आशीष जान बचाकर छत पर भागा था। बदमाशों ने वहां पहुंचकर भी चाकू मारे और छत से नीचे फेंक दिया। घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होना बताई गई। चाकू के 8 से 10 वार लगने पर खून अधिक बह चुका था। तत्काल ही उसे इंदौर रैफर कर दिया गया। घटना स्थल की जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के नाम सामने आते ही उनकी तलाश शुरू की। रात में महामृत्युंजय द्वार के पास से अभिषेक और विकास को हिरासत में ले लिया गया। दोनों इंदौर भागने की फिराक में थे। रात में ही पुलिस ने खून लगा चाकू भी बरामद कर लिया है। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि आज दोपहर दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इधर जानलेवा हमले के पीछे वजह सामने आई कि घायल आशीष का अभिषेक की बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शाम को उसकी बहन आशीष से मिलने उसके घर पहुंची थी। इस बात का पता चलने पर अभिषेक अपने दोस्त विकास के साथ आशीष के घर में घुसा और जान से मारने की नियत से उस पर हमला किया। मामले में पुलिस का कहना था कि घायल के बयान दर्ज कर लिए गए हैं आरोपियों को रिमांड कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### राज सागर होटल में युवक के सिर पर फोड़ी कांच की बोतल

उज्जैन। बीती रात राज सागर होटल में खाना खाने पहुंचे दो युवकों का कुछ लोगों से विवाद हो गया। लोगों ने एक युवक के सिर पर कांच की बोतल फोड़ उसे घायल कर दिया। पुलिस ने घायल के दोस्त की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। गोपाल मंदिर टंकी चौक क्षेत्र में रहने वाला सोहाब पिता मोहम्मद शेरू अपने दोस्त सोनू के साथ इंदौर रोड स्थित राज सागर होटल खाना खाने पहुंचा था। जहां शराब भी पी थी। वहीं 7-8 लोग भी शराब पी रहे थे। सोहाब और उसके दोस्त का विवाद लोगों से हो गया जिस पर 7-8 लोगों ने मिलकर सोहाब के साथ मारपीट की और कांच की बोतल सिर पर फोड़ दी जिसमें वह घायल हो गया। मामले की जानकारी लगते ही नानाखेड़ा थाना पुलिस होटल पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि बोतल से हमला करने वाले कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# दाऊदखेड़ी में महिला ने गाय पर किया दरांते से हमला

उज्जैन। ग्राम दाऊदखेड़ी में रहने वाले ईश्वर पिता गणेश की गाय और बछड़े को शुक्रवार रात क्षेत्र में रहने वाली महिला राजूबाई ने दराते से हमला कर घायल कर दिया। गाय और बछड़ा के घर सामने आ गये थे। ईश्वर ने मामले की शिकायत नीलगंगा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने राजूबाई के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया और घायल मवेशियों को पशु चिकित्सक से मेडिकल परीक्षण कराया। विदित हो कि मवेशियों पर हमले अभी अधिक बढ़ गए हैं। बीते दिन खाचरौद में भी एक नंदी पर किसी ने हमला कर दिया था। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया था।

**इधर चाकू-सरिये से किया हमला**-घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम बनड़ा में रहने वाले भगवान पिता हिंदूलाल चौहान पर गांव में ही रहने वाले गोपाल, बंटी, संजय ने चाकू और सरिये से हमला कर दिया। घायल ने बताया कि उसके घर के पीछे नागूसिंह रहता है जिससे मकान बनाने का पुराना विवाद चला आ रहा है। नागू ने ही तीनों को शराब पिलाकर हमला करवाया है। घट्टिया थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल भगवान को उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है।

### खेत पर बंधे 10 मवेशी चोरी

उज्जैन। समीपस्थ ग्राम मुल्तानी पुरा ताजपुर में रहने वाले नासिर पिता चांद मोहम्मद ने अपने मवेशी खेत पर बांधे थे। रात में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला और खेत पर बंधे 4 बकरे, 4 बकरी और 2 बछड़े चोरी कर लिये। सुबह मवेशियों के दिखाई नहीं देने पर आसपास तलाश की। कुछ पता नहीं चलने पर पंवासा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामला दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख रही है।

### नागर ब्राह्मण महिला मंडल की बैठक संपन्न




उज्जैन( नागर ब्राह्मण महिला मंडल के तत्वावधान में 11 जुलाई को श्री हाटकेश्वर धाम, हरसिद्धि उज्जैन में इश्टदेव भगवान हाटकेश्वर महादेव के समक्ष आयोजित महिला मंडल के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति में बड़ी संख्या में समाज की महिला सदस्यों ने शामिल होकर भजनों पर थिरकते हुए नृत्य करते हुए श्रावण मास के आगमन का स्वागत किया। विस्तृत जानकारी देते हुए महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता, महासचिव सीमा आलोक नागर ने बताया कि इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा गेम्स भी आयोजित कर प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किये। प्रीति शर्मा, सुनीता मेहता एवं कविता त्रिवेदी एवं निर्मला नागर विजेता रही। इस अवसर पर समस्त महिला सदस्य अपने साथ काश्मीर में तैनात सैनिकों के लिए राखियां (रक्षासूत्र) अपने साथ लाई थी जिसे रक्षाबंधन पर समाज की शिला बेन व्यास काश्मीर जाकर समाज की ओर से बांधेंगी। कार्यक्रम में आभा मेहता, डॉ. मधु नागर, डॉ. अरुणा व्यास, सुधा मेहता, रजनी नागर, प्रतिभा त्रिवेदी, सरला नागर, पवित्रा मेहता, स्वर्णरेखा मेहता, मधु शर्मा, दीपा त्रिवेदी, अंजना नागर, जयश्री नागर ने विशेष रूप से उपस्थित होकर महिला मंडल का उत्साह वर्धन किया। सभी महिला सदस्यों हरे रंग की साड़ी पहनकर आयोजन में शामिल हुई। आभार उपाध्यक्ष श्वेता रावल ने माना।

# जिमनास्टिक संगठन की साधारण सभा की बैठक संपन्न

**उज्जैन। जिला जिमनास्टिक संगठन की साधारण सभा की बैठक महाराज वाड़ा जिम्नास्टिक सेंटर पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष सावन बजाज ने की।**



सभा में सत्र 2024- 25 का आय-व्यय विवरण एवं ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया। बैठक में सत्र 2025- 26 के लिए अनुमानित बजट पर चर्चा की गई और अनुमानित बजट तैयार किया गया जिसे सदन द्वारा सर्व सम्मति से पारित किया गया द्य बैठक में पूर्व में जिला स्तरीय प्रतियोगिता एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन में संस्था के संरक्षक द्वय नारायण यादव एवं नगरनिगम सभापति बहन कलावती यादव मेडम द्वारा संस्था के अभिभावक एवं पालक के रूप संस्था को संरक्षण प्रदान किया गया। जिसके लिए संस्था के सभी सदस्यों द्वारा दोनों का सर्वसम्मति से आभार व्यक्त किया गया। इस वर्ष भी उज्जैन को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का दायित्व दिए जाने की संभावना है जिस पर सदन में गंभीरता से चर्चा की गई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन में संस्था के संरक्षक नारायण यादव द्वारा पूर्ण सहयोग दिए जाने एवं प्रतियोगिता को गरिमा के साथ संपन्न कराने हेतु आश्वासन दिया गया। सदन के सभी सदस्यो द्वारा श्री नारायण जी यादव एवं निगम सभापति कलावती यादव मेडम का आभार व्यक्त किया गया। सदन द्वारा वार्षिक सदस्य एवं आजीवन सदस्य बनाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें वार्षिक सदस्यता 1100 तथा आजीवन सदस्यता 5100 शुल्क रखा गया जिसे सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में एमजी सुपेकर आरएल वर्मा, ओपी शर्मा, मनोहर शर्मा ,संजय जौहरी, सुनील जाधव, नरेंद्र श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास, मानसिंह गुर्जर, सुनील कुशवाह, नवनीत पांचाल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। सभा का संचालन श्री संजय जौहरी ने किया। यह जानकारी संस्था सचिव ओपी शर्मा ने दी।

**बाबा की पहली सवारी** महाकाल मंदिर में पूजन व सलामी के बाद शाम 4 बजे शुरू होगी, शिप्रा के रामघाट पर होगा भगवान का जलाभिषेक

# महाकाल की पहली सवारी आज चांदी की पालकी में मनमहेश रूप में देंगे दर्शन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। श्रावण मास में भगवान महाकाल की पहली सवारी आज सोमवार को नगर में धूमधाम से निकलेगी। भगवान महाकाल चांदी की पालकी में मनमहेश रूप में सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे। वहीं सवारी को लेकर जिला प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन ने भी अपनी व्यवस्था चाक चौबंद कर ली है। मार्गो का निर्धारण कर अधिकारियों को व्यवस्था संभालने के निर्देश भी दिए है। वहीं व्यवस्था के लिए कैमरे और ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था भी की गई ताकि किसी प्रकार की व्यवस्था ना बिगड़े और कोई अप्रिय घटना ना कर सकें।**




मंदिर प्रबंध समिति ने श्राव में निकलने वाली भगवान महाकाल की प्रथम सवारी के लिए संपूर्ण तैयारी कर ली है। इस बार बाबा नई पालकी में सवार होकर निकलेंगे। इसके लिए पालकी सफाई व पालिश करने के साथ ही का इसका ट्रायल भी लिया गया। वहीं भगवान की चांदी की प्रतिमा का श्रृंगार भी कर दिया गया है। सोमवार को सवारी प्रारंभ होने के पूर्व सभामंडप में भगवान का पूजन-अर्चन होगा। इसके बाद भगवान पालकी में विराजित होकर शाम 4 बजे भक्तों को दर्शन देने परंपरागत मार्ग से नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मन्दिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजमान भगवान को सलामी दी जाएगी। सवारी में भजन मंडली, पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र बल, होमगार्ड के जवान, मंदिर के पंडे-पुजारी व अधिकारी प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। सवारी मन्दिर से शुरू होकर महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी, रामघाट, रामानुजकोट, कार्तिक चौक, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी से होती हुई पुन: मन्दिर पहुंचकर समाप्त होगी। पहली सवारी में 500 बटुकों द्वारा वैदिक उद्घोष किया जाएगा।

### आज श्रावण सोमवार को रात 2 .30 बजे खुलेंगे मंदिर के पट

श्रावण मास में भगवान महाकाल भक्तों के लिए सामान्य दिनों की तुलना में जल्दी जागते हैं। श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार की रात को 2 .30 बजे से ही मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। इसके बाद भगवान महाकाल का पंचामृत पूजन अभिषेक होगा। भगवान को भस्म रमाने के भस्म आरती होगी। सप्ताह के शेष दिनों में रात 3 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। वहीं श्रावण मास में उज्जैन के भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर में विराजित अत्यंत दुर्लभ स्फटिक शिवलिंग का श्री रामेश्वर महादेव स्वरूप में दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में भक्तों ने अभिषेक-पूजन व आरती कर भोग लगाया व भक्तों में प्रसाद वितरित किया। मंदिर में रामेश्वर महादेव स्वरूप के लिए आकर्षक सेतू भी बनाया गया।